भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2779**
12 दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का विकास**

**2779. श्री कृपानाथ मल्लाह:**
**डॉ. के. सुधाकर:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार के पास खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों (एफपीआई) को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ख)** क्या सरकार का देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र में कोई उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना आरंभ करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या चिक्काबल्लापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में किन्हीं खाद्य प्रसंस्करण संयंत्रों की योजना तैयार की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं;

**(घ)** क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि चिक्काबल्लापुर में बड़े पैमाने पर नीले अंगूर की खेती के कारण वहाँ खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए काफी संभावनाएं हैं; और

**(ङ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और नीले अंगूरों के खाद्य प्रसंस्करण के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने के लिए, अपनी केंद्रीय क्षेत्र प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) योजना, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) और केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के माध्यम से देश भर में संबंधित अवसंरचना की स्थापना/विस्तार को प्रोत्साहित कर रहा है। ये योजनाएँ क्षेत्र या राज्य विशेष नहीं हैं, बल्कि माँग आधारित हैं। पीएमकेएसवाई की उप-योजनाओं के अंतर्गत, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय 15 वें वित्त आयोग चक्र के लिए 5520 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ उद्यमियों को ज्यादातर ऋण से जुड़ी वित्तीय सहायता (पूंजी सब्सिडी) प्रदान करता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय पीएमएफएमई योजना के तहत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता भी प्रदान करता है। यह योजना 2020-21 से 2025-26 तक 10,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ चालू है। पीएलआईएसएफपीआई का उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ वैश्विक खाद्य विनिर्माण चैंपियनों के निर्माण में सहायता करना तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद्य उत्पादों के भारतीय ब्रांडों की सहायता करना है। यह योजना 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021-22 से 2026-27 की अवधि के लिए चालू है।

**(ख):** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए पीएलआईएसएफपीआई योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 31 मार्च 2021 को ₹10,900 करोड़ के बजट के साथ मंजूरी दी थी ' जिसे 2021-22 से 2026-27 तक लागू किया जाना है। इस योजना के तहत, मंत्रालय विदेशों में भारतीय खाद्य ब्रांडों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करता है, वैश्विक बाजारों में भारतीय ब्रांडेड उपभोक्ता खाद्य उत्पादों के लिए ब्रांडिंग और विपणन गतिविधियों की सहायता करता है।

**(ग):** चिक्काबल्लापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (चिक्काबल्लापुर, बेंगलुरु ग्रामीण और बेंगलुरु शहरी जिले) में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा इसकी योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

**(घ) एवं (ङ):** मंत्रालय कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर जिले सहित देश भर में संबंधित योजना दिशानिर्देशों के अनुसार नीले अंगूरों के प्रसंस्करण सहित विभिन्न प्रकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए भावी उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 11.12.2024 को उत्तर हेतु "खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का विकास" के विषय में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2779 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**क. पीएमकेएसवाई की घटक योजना के तहत कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमोदित परियोजनाओं की सूची**

| **बेंगलुरु (कर्नाटक) में स्वीकृत परियोजनाएं** | | | |
|---|---|---|---|
| **घटक योजना-- खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार योजना** | | | |
| **क्र.सं.** | **परियोजना** | **कुल परियोजना लागत ( करोड़ रूपये में)** | **स्वीकृत अनुदान ( करोड़ रुपए में)** |
| **1** | जुब्लिएंट फ़ूड वर्क्स लिमिटेड | 49.88 | 5.00 |
| **2** | श्रीदेवी जनरल इंजीनियरिंग | 13.04 | 5.00 |
| **3** | कनिष्क बेवरेजेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 13.27 | 4.99 |
| **4** | वीबी फूड्स | 10.12 | 3.70 |
| **घटक योजना - खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना योजना** | | | |
| **5** | एएलएस टेस्टिंग सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 10.9 | 3.335 |
| **6** | यूरेका एनालिटिकल, बैंगलोर | 10.79 | 3.15 |
| **7** | बंजारा लम्बानी समाज | 11.83 | 6.65 |
| **घटक योजना - पीएमकेएसवाई की एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना** | | | |
| **8** | स्क्वायर मील प्राइवेट लिमिटेड | 9.97 | 3.76 |
| **चिक्काबल्लापुर (कर्नाटक) में अनुमोदित परियोजना** | | | |
| **घटक योजना - ऑपरेशन ग्रीन्स योजना** | | | |
| **क्र. सं.** | **परियोजना** | **कुल परियोजना लागत (करोड़ रूपये में)** | **स्वीकृत अनुदान (करोड़ रुपए में)** |
| **1.** | कारवां | 26.87 | 9.95 |

**ख. पीएमएफएमई के अंतर्गत कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आधारित प्रस्ताव को दी गई मंजूरी**

**(i)** ऋण लिंक्ड सब्सिडी के साथ अनुमोदित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की संख्या है-

| **जिलों** | स्वीकृत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की संख्या |
|---|---|
| बेंगलुरू ग्रामीण | 72 |
| बेंगलुरु शहरी | 339 |
| चिकबल्लापुर | 45 |

**(ii)** प्रारम्भिक पूंजी के लिए अनुमोदित स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का विवरण इस प्रकार है-

| **चिकबल्लापुर** | | **बेंगलुरू शहरी** | | **बेंगलुरू ग्रामीण** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्वयं सहायता समूह के सदस्य** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में)** | **स्वयं सहायता समूह के सदस्य** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में)** | **स्वयं सहायता समूह के सदस्य** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में)** |
| 800 | 3.178 | 927 | 3.667 | 515 | 2.0558 |

**(iii) इन्क्यूबेशन सेंटर** : चिक्काबल्लापुर जिले में 2.08 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता से 1 इन्क्यूबेशन सेंटर को मंजूरी दी गई है।
**(iv) क्षमता निर्माण** : घटक के अंतर्गत 192 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।
**(v) विपणन और ब्रांडिंग** : 'इंडिया कॉफी' ब्रांड नाम के साथ 1 प्रस्ताव को बेंगलुरु ग्रामीण और बेंगलुरु शहरी जिलों से मंजूरी दी गई।

**ग. पीएलआईएसएफपीआई योजना के तहत कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिबद्ध निवेश वाली परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | वर्ग | ज़िला | प्रतिबद्ध निवेश (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एमटीआर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | फल और सब्जियां | बेंगलोर | 15.42 |
| 2. | विद्या हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड | फल और सब्जियां | बेंगलुरु | 13.50 |
| 3. | आईटीसी लिमिटेड | उपभोक्ता उत्पाद (आरटीसी/आरटीई) | बेंगलुरु | 38.00 |
| 4. | प्रताप स्नैक्स लिमिटेड | उपभोक्ता उत्पाद (आरटीसी/आरटीई) | बेंगलुरु | 0.87 |
| 5. | फलादा एग्रो रिसर्च फ़ॉन्डेशन्स प्राइवेट लिमिटेड | श्रेणी 2-कार्बनिक | बेंगलुरु | 0 |
| 6. | आईटीसी लिमिटेड | मिलेट एलई | बेंगलुरु | 0 |
| 7. | मिसेज बेक्टर्स फ़ूड स्पेशलिटीज़ लिमिटेड | मिलेट एलई | बेंगलुरु | 0 |
| 8. | स्प्राउटलाइफ़ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | बेंगलुरु | 0 |
| 9. | होलसम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | बेंगलुरु | 0 |

*****